# शासकीय महाविद्यालय सरोना, जिला–उ0ब0 कांकेर (छ0ग0)

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

**बैठक दिनांक 25.07.2016 सोमवार**

आज दिनांक 25.07.2016 दिन सोमवार को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के गठन हेतु आवश्यक बैठक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सरला आत्राम की अध्यक्षता में आयोजित कि गई जिसमें महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के निम्नांकित सम्माननीय सदस्यगणों को आमंत्रित किया जाकर IQAC का गठन किया गया।

Principal
Govt. College Sarona
Distt. U.B. Kanker (C.G.)

समन्वय (IQAC) / प्राचार्य

| क्रमांक | IQAC के सदस्यों के नाम एवं पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | नायब तहसीलदार | |
| 2 | डॉ.व्ही.के.जेना. (सहा.प्रा.) | |
| 3 | श्री ए.शंशाक राव (अतिथि व्याख्याता) | |
| 4 | श्री गोपाल हिरवानी (अतिथि व्याख्याता) | |
| 5 | श्री जे.एल.यादव (सहा.ग्रेड–दो) | |
| 6 | श्री युगेन्द्र कुमार साहू (सहा.ग्रेड–तीन) | |
| 7 | श्री ए.के.नेताम (प्रयोगशाला तकनीशियन) | |
| 8 | श्री भरत निषाद (जनभागीदारी विकास समिति अध्यक्ष) | |
| 9 | श्री दीपक रामटेके (पूर्व छात्र) | |
| 10 | श्री निलेश कुमार गोलछा (पूर्व छात्र) | |

| क्र. | प्रस्ताव<br>शैक्षणिक/अकादमिक गतिविधियॉ | निर्णय |
|---|---|---|
| 1 | महाविद्यालय आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक में यह प्रस्तावित किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2016–17 में उच्च शिक्षा विभाग छ0ग0 शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेंडर का कड़ाई से पालन किया जाकर शैक्षणिक एवं अकादमिक कार्य कैलेंडर के अनुसार करने का प्रस्ताव किया गया। | बैठक में सभी सदस्यों ने उक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श कर शासन द्वारा प्राप्त कैलेंडर के अनुसार निर्धारित समय सीमा में अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थित में प्रस्ताव के निर्णय का अनुमोदन किया। |
| 2 | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक, सास्कृतिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन हेतु माईक सेट, पेटी एवं दरी क्रय का प्रस्ताव रखा गया | बैठक में सभी सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया गया है शैक्षणिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन हेतु माईक सेट, पेटी और दरी जनभागीदारी समिति से क्रय हेतु सर्वसम्मिति निर्णय लिया। |
| 3 | महाविद्यालय आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक में यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय में प्रत्येक संकाय में भूवपूर्व छात्र/छात्राओं के प्रदर्शन एवं उपलब्धियों के आधार पर एक एल्युमिनाई संगठन का गठन किया जाय तथा भविष्य में उसका पंजीयन किया जा सके। | बैठक में उक्त प्रस्ताव में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि क्रिडाप्रभारी को एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर जानकारी संकलित कर प्रस्तुत करे। |
| 4. | शासकीय महाविद्यालय सरोना आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक में यक प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालयीन रात्रीकालीन देखभाल हेतु एक चौकीदार की व्यवस्था का प्रस्ताव रखा गया। | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) के उक्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों विचार विमर्श कर जनभागीदारी विकास समिति से महाविद्यालय देखभाल हेतु 01 चौकीदार की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। |
| 5 | आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक में यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष की सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव रखा गया। | (IQAC) के सभी सदस्यों ने उक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श कर क्रियान्वयन किये जाने हेतु आश्वासन प्रदान किया गया। |
| 6. | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालय भूमि की सीमांकन करवाया जाय ताकि अतिक्रमण, काबिज और अनाधिकृत रूप से वाहनों के आवागमन पर प्रतिरोध हो सके। | उक्त प्रस्ताव पर समिति के सभी सदस्यो से विचार विमर्श कर जनभागीदारी विकास समिति बात रखकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। |
| 7 | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यायीन | उक्त प्रस्ताव पर (IQAC) के सभी सदस्यों |

| | | |
|---|---|---|
| | शैक्षणिक अकादमिक कार्यो में गुणवत्ता एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की चेतना को सुदृढ़ बनाने हेतु शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया जाय। | ने गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श कर महाविद्यालयीन शैक्षणिक/अकादमिक गतिविधियों में चेतना बनाय रखने हेतु शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। |
| 8 | यह प्रस्तावित किया गया कि महाविद्यालयीन आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) द्वारा छात्र अभिमत पत्रक एवं अभिभावक अभिमत पत्रक भरवाकर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों के संबंध में उनके विचार एवं सुझाव का संकलन किया जाय। | उक्त प्रस्ताव पर (IQAC) के सभी सम्मानीय सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को छात्र अभिमत पत्रक एवं अभिभावक अभिमत पत्रक वितरण कर छात्र एवं पालकों का अभिमत पत्रक संकलन करने का निर्णय लिया गया। |

बैठक में महाविद्यालय की गुणवत्ता संबंधी चेतना को बनाए रखने एवं महत्वपूर्ण शैक्षणिक/अकादमिक मुदों पर विचार विमर्श किया गया तथा शैक्षणिक/अकादमिक बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाकर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

अंत में शासकीय महाविद्यालय सरोना के प्राचार्य डॉ सरला आत्राम एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) समन्वयक के द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभी बिन्दुओं पर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किऐ जाने आश्वासन दिया गया एवं समिति को यह अवगत कराया गया कि महाविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्ययन परिषद (NAAC) कराया जाना सुनिश्चित है। उक्त विचार को ध्यान में रखते हुए आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक आवश्यक है।